ग्राम पंचायत सुक्कड़, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176057 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

1. प्रस्तावना

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत सुक्कड़, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–

प्रधानः–

क्र॰सं॰	नाम	अवधि
1	श्री श्याम लाल	01.04.2024 से 31.03.2025

सचिव :–

क्र॰सं॰	नाम	अवधि
1	श्री राजेश कुमार	01.04.2024 से 31.03.2025

तकनीकी सहायक :–

क्र॰सं॰	नाम	अवधि
1	श्री सतीष कुमार	01.04.2024 से 31.03.2025

ग्राम रोजगार सहायक :–

क्र॰सं॰	नाम	अवधि
1	श्री संदीप कुमार	01.04.2024 से 31.03.2025

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

ग्राम पंचायत सुक्कड़ के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

क्र0 सं0	पैरा सं॰	गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त सार	राशि (₹ लाखों में)
1	4(ग)	रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना	1.95
2	6	अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना	26.66
3	7	सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना	1.19
4	8	विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना	0.04
5	9.1	खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान	1.91
6	9.2	स्त्रोत पर जी०एस०टी/टी०डी०एस०की कटौती न करने से सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि	0.05
7	9.3	एम,एम0जी0पी0आई0 अनुदान के अन्तर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के लिये मूल्यांकन से अधिक सामग्री खपत दर्शाने के फलस्वरूप अधिक भुगतान करना	0.01
8	9.4	निर्माण कार्य के लिये मजदूरी भुगतान करने हेतु अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा न करके अधिक भुगतान करना	0.01
9	10	निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे	2.09

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/202 दिनांक–29.03.2025 द्वारा अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 7 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 10 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है,जो कि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता

को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष 10 पैरों के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 तक

क्र0 सं0	पैरा सं0	निर्णीत/ अनिर्णीत	अनुपालना का संक्षिप्त विवरण
1.	3	अनिर्णीत	–
2.	4 (क)	स्वतः निर्णीत	वित्तीय स्थिति
3	4 (ख)	अनिर्णीत	–
4	4.1	अनिर्णीत	–
5	4.2	अनिर्णीत	–
6	4.3, 4.4	अनिर्णीत	–
7	5	निर्णीत	नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित
8	6	निर्णीत	अनुदानो के व्यय से सम्बन्धित संलग्न अभिलेख के दृष्टिगत
9	7 (क)	अनिर्णीत	–
10	7 (ख)	निर्णीत	पैरे में शामिल राशि ₹1000 की वसूली रसीद संख्या 160065 द्वारा करने उपरांत दिनांक 28.05.2025 को खाता संख्या 20129036261 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।
11	7 (ग)	निर्णीत	पैरे में शामिल राशि ₹800 की वसूली रसीद संख्या 160066 द्वारा करने उपरांत दिनांक 28.05.2025 को खाता संख्या 20129036261 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।
12	8.1	निर्णीत	प्रस्तुत अभिलेखों की पुष्टि उपरांत ।
11	8.2	अनिर्णीत	–
12	8.3	अनिर्णीत	–
13	9	अनिर्णीत	–

14	10	अनिर्णीत	—
15	11	निर्णीत	नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित
16	12	निर्णीत	नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित

भाग—दो

2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत सुक्कड़ के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 22.05.2025 से 28.05.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

वर्ष	आय	व्यय
2024—25	01/2025	12/2024

अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

3. अंकेक्षण शुल्कः—

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/359 दिनांक—28.05.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/339 दिनांकः—22.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः–स्त्रोतः–

अवधि	अथशेष	प्राप्ति	योग (कॉलम 2+3)	व्यय	अन्तशेष (कॉलम 4–5)
1	2	3	4	5	6
2024-25	497413	34718.00	532131.00	122938.00	409193.00

2.अनुदानः–

अवधि	अथशेष	प्राप्ति	योग (कॉलम 2+3)	व्यय	अन्तशेष (कॉलम 4–5)
1	2	3	4	5	6
2024-25	1646392.00	10466417.15	12112809.15	9446516.15	2666293.00

कुल योग (1+2) 409193.00+2666293.00 =**3075486**

(ख).बैंक समाधान विवरणीः–

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹30,75,486 तथा ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹28,80,741.90 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

	बैंक खातों की विवरणीः–			
क्र0 सं0	विवरण	बैक	खाता	अन्त शेष (₹)
1	स्वयं स्रोत	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	20129036261	408238
2	स्वयं स्रोत/ पांचवा वित्	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055783303	420441.5
3	एस .डी.आर.एफ	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055783722	118229
4	एम.पी.लेड	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055782173	371031
5	वी.एम.जे.एस.	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055783697	5537
6	एस.डी.पी.	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055783915	30898.4
7	वी.के.वी.एन.वाई.	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50055783948	10473

8	एम.एम.जी.पी.वाई	के. सी .सी. बैंक दाड़ी	50075048943	64171
9	15वां वितायोग/ जिला परिषद/पचायत समिति	एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला	50100371685185	1450748
10	हस्त गत शेष दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को (स्व स्रोत की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार)			955
11	हस्त गत शेष दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को (13 वां की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार)			20
बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः—				₹2880741.9
दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :—				
रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः—				₹3075486.00
पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः—				₹2880741.90
अन्तरः—				**194744.10**

नोटः—अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।

4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹1.95 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :—

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत सुक्कड़ द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹194744. 10/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/340 दिनांकः—23.05.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— GPS/2025/62 दिनांकः—28.05.2025 द्वारा आंकड़ो व तथ्यो की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया गया कि, उक्त राशि का अंतर पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करना:–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका था अथवा नहीं:–

क्र0 सं0	अनुदान	वाउचर सं0/ दिनांक	बिल सं0, मस्ट्रोल सं0/दिनांक	कार्य का नाम	राशि (₹)
1	एस.डी.पी	71/10.12. 2024	374117/10.12. 2024	मुरम्मत/कम्पलीशन सामुदायिक केन्द्र वार्ड 5	12810
2	एस.डी. आर.एफ	65/12.12. 2024	मस्ट्रोल 19/2024–25	मुरम्मत रास्ता मेंन रोड से लेकर राणु राम के घर की ओर वार्ड 7	43820
3	15 वां वित	40,41/17. 12.2024	मस्ट्रोल 14/2024–25,2 58/01.11.2024	निर्माण नाली शिव मंदिर से पी. डबल्यू डी रोड की ओर वार्ड 7	40023
4	वी.के.वी. एन.वाई	69/18.12. 2024	374109/10.12. 2024	निर्माण जीपरोड रजिन्दर कुमार के घर से विनोद कुमार गौशाला की ओर वार्ड 5	33306
5	एस.डी.पी	70/12.12. 2024	374118/10.12. 2024	निर्माण रास्ता बाबडी की ओर वार्ड 2	20496
6	एस.डी.पी	74,75/18,	271,792/15,16.	इंटरलॉकिंग टाईल्स चिल्डन पार्क	75486

		24.12.2024	11.2024	गड सुक्कर वार्ड 2	

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानो से प्राप्त की गई आय व उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त किये गए संकलित व्यय का भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/360 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPS/2025/62 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्टीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि, पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹4,97,268 से ₹4,08,238 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है। उक्त आपति को अंकेक्षण विभाग द्वारा गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के पैरा संख्या 5 के तहत भी उठाया गया, परन्तु पंचायत द्वारा इस एवज में कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/360 दिनांकः 28.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके

प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– GPS/2025/62 दिनांक 28.05.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

6 अनुदान की राशि ₹26.66 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/339 दिनांकः–22.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹26,66,293/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

क्र0सं0	अनुदान का नाम	दिनांक	राशि (₹)
1	5वाँ वित्त	31.03.2025	420441.00
2	वी.के.वी.एन.वाई	31.03.2025	10473.00
3	एस.डी.पी	31.03.2025	30899.00
4	एम.पी.लेड	31.03.2025	371031.00
5	एस.डी.आर.एफ	31.03.2025	118229.00
6	वी.एम.जे.एस	31.03.2025	5537.00
7	एम.एम.जी.पी.वाई	31.03.2025	64171.00
8	सी. एम.आर.एफ	31.03.2025	194058.00
9	12वाँ वित्त	31.03.2025	121.00
10	13वाँ वित्त	31.03.2025	20.00
11	आर.ए. वाई	31.03.2025	565.00
12	15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी	31.03.2025	1450748.00
		कुल जोड	**2666293**.00

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/341 दिनांक–23.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPS/2025/62 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, शेष/अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न कर पाने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

पंचायत राजस्व से प्राप्त आय

7 सम्पति कर/गृहकर की ₹1.19/– की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/339 दिनांकः–22.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में ₹118750/– की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया ,जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/346 दिनांकः–24.05.2025 द्वारा सूचित

किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–GPS/2025/62 दिनांक:–28.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरांत सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा उक्त से सम्बन्धित मांग व सग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग हि0प्र0 के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.04/–लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना व सभा निधि में अनियमित जमा करने बारे:–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक:–04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/339 दिनांक:–22.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत सुक्कड़ द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹4000/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु इस राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाकर सभा निधि में जमा करवाया गया था, जिससे सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/347 दिनांक:–24.05.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत सुक्कड़ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–GPS/2025/62 दिनांक:–28.05.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि करने उपरांत सूचित किया गया कि ,प्राप्त की गई विवाह पंजीकरण की राशि ₹4000 को

सभा निधि में जमा करवाया गया, जिसे सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

9.1 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹1.91/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 12/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹191180/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/350 दिनांकः–27.05.2025 द्वारा आग्रह किया

गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— GPS/2025/62 दिनांकः—28.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि ,उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापत्ति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो नियमानुसार समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

9.2 स्त्रोत पर जी.एस.टी/टी.डी.एस की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.05/- लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि:-

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट–(278/25)-29056,दिनाक 29-09-18 के अनुसार किसी भी सरकारी विभाग /स्थानीय निकाय/सरकारी एजेंसी/बोर्ड और अन्य निकाय द्वारा संविदाकार/फर्म/आपूर्तिकर्ता को दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवाओं और दोनों की आपूर्ति हेतु सिंगल अनुबंध के तहत व अन्तर्राज्यीय सप्लाई के लिये ₹2.5 लाख से अधिक की अदायगियों से @2%(1%SGST+1%CGST) की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने का प्रावधान है।

नमूना अंकेक्षण व ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना **"परिशिष्ट -7"** अनुसार पाया गया कि विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत विभिन विकास कार्यों के लिये निम्नविवरणानुसार इंटरलॉकिंग टाइल्स के रूप में सामग्री प्राप्ति की गई थी, किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्टिगत आपूर्तिकर्ताओं से स्त्रोत पर कर राशि **₹5424/-** की कटौती (टीडीएस) नहीं की गई थी:-

क्रम स०	वा०/दिनांक	कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम	परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि (₹)	स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) की राशि (₹)
1.	परिशिष्ट अनुसार (क्रम स०1 व 5)	मै०रियांशी इंटरप्राइजेज ढडम्ब शाहपुर	271215	5424.4 or say 5424

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/351 दिनांकः–27.05.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत सुक्कड़ को तथ्यों एवं आंकड़ो की पुष्टि करते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPS/2025/62 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि की सामग्री क्रय की गई, जिस पर जी.एस.टी/टी.डी.एस की कटौती नहीं की गई है, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः नियमानुसार टी.डी.एस की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि अंकेक्षण अवधि हेतु ऐसे अन्य मामलों की पंचायत स्तर पर जांच कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

9.3 एम.एम.जी.पी.वाई अनुदान के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के लिये मूल्यांकन से अधिक सामग्री खपत दर्शाने के फलस्वरूप ₹0.01 लाख का अधिक भुगतान करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, संपरीक्षा, कराधान एवं भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार सम्बद्ध पंचायत सचिव किसी भी अति संदाय/अधिक भुगतान की शीघ्र वसूली करने हेतु उत्तरदायी होगा।

निर्माण कार्य रास्ता मेन रोड से भुरी राम के घर की ओर वार्ड–5 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अवलोकन करने पर पाया गया कि वाउचर सख्या 60 दिनांक 12.12.2024 द्वारा सीमेंट क्रय किया गया। माप पुस्तिका संख्या 0249 के पृष्ठ संख्या 17 व 18 में निर्माण सामग्री सीमेंट का निम्न तालिका के अनुसार निष्पादन कम किया दर्शाया गया था, जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 374108 दिनांक 10.12.2024 के अनुसार सीमेंट 80 बैग क्रय किये गए थे। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹854/–** का अधिक भुगतान किया गया थाः–

क्र0 सं0	अनुदान	सामग्री	क्रय की गई सामग्री की मात्रा	निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा	अंतर	दर (₹)	राशि (₹)
1	एम.एम.जी.पी.वाई	सीमेंट बैग	80	78	2	427	854

वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :–

1. Item-3 P/L(1:3:6)-17.63m3X4.40(Cement Factor)=**77.57or say 78 Bags**

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/355 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPS/2025/62 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अधिक किये गए भुगतान बारे तथ्यो सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी सुझाव दिया जाता है माप–पुस्तिकाओं में उच्च तकनीकी अधिकारियों के परीक्षण जांच उपरान्त ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

9.4 निर्माण कार्य के लिय मजदूरी भुगतान करने हेतु अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा न करके राशि ₹0.01 लाख का अधिक भुगतान करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, संपरीक्षा, कराधान एवं भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार सम्बद्ध पंचायत सचिव किसी भी अति संदाय/अधिक भुगतान की शीघ्र वसूली करने हेतु उत्तरदायी होगा।

वाउचर संख्या 35 दिनांक 17.12.2024 व निर्माण कार्य नाली दुर्गा प्रसाद के घर से किशोरी लाल के घर की ओर वार्ड–2 की रिकार्ड प्रविष्टियों के अंकेक्षण में पाया गया कि, निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 0249 के पृष्ठ संख्या 7,8,9 में मद शंटरिंग के लिये मजदूरी भुगतान करने हेतु ,अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा भुगतान न करके अधिक दर द्वारा **₹1481/–** का अधिक भुगतान किया गयाः–

क्र0 सं0	अनुदान	मद	निष्पादित मात्रा	माप पुस्तिका में भुगतान हेतु दर्शाई गई दर	अनुमोदित प्राक्कलन दर (₹)	अंतर	अधिक भुगतान राशि (₹)
1.	15वां वित	Item-6 Form shuttering work for rough gave surface etc	2x2x20x.35= 28m2 2x2x15x.30= 18m2 Or say 46m2	84.35	52.15	32.2	1481

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/356 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPS/2025/62 दिनांकः–28.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त कार्य के लिये मजदूरी भुगतान करने हेतु अनुमोदित प्राक्कलन दर द्वारा न करके अधिक राशि का भुगतान किया गया, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

